प्रेषक,

महेश कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0शासन

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष्,
लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ

लोक निर्माण अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 21 दिसम्बर, 2021

विषय -वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान संख्या-58 के अन्तर्गत पण्डित दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत सम्पर्क मार्ग के चालू कार्यो पर धनराशि आवंटित किये जाने के संबंध में।

महादेय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-7143बी.जी./7बी0-ग्रामीण मार्ग/2021-22, दिनांक 01-12-2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय सम्पर्क मार्ग योजनान्तर्गत विभिन्न जनपदों के कुल 08 कार्यो हेतु संलग्न सूची के स्तम्भ-4 में उल्लिखित शासनादेशों द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी थी। उक्त 08 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में संलग्न सूची के स्तम्भ-9 के अनुसार रू0 2,97,14,000/- (रूपये दो करोड़ सत्तानबे लाख चौदह हजार मात्र) अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- उक्त धनराशि केवल अंकित परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

4- उक्त मार्गो को निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापरक पूर्ण कराकर उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं फोटोग्राफ शासन को उपलब्ध कराया जाय।

5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22 मार्च, 2021 में वित्तीय स्वीकृतियों निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

6- स्तम्भ-4 में अंकित शासनादेशों की शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

क्रमशः.....

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

7- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुदान संख्या-58 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय, 04-जिला तथा अन्य सड़कें, 337-सड़क निर्माण कार्य, 96-पं0 दीनदयाल उपाध्याय सम्पर्क मार्ग योजना के अन्तर्गत कृषि विपणन सुविधाओं हेतु अनजुड़े ग्रामों को पक्के सम्पर्क मार्गो से जोड़ने हेतु ग्रामीण सम्पर्क मार्गो/लघु सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य), 00, 24-वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

8- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22 मार्च, 2021 में प्राविधानित अधिकारों के अंतर्गत जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक-यथोक्त ।

भवदीय,

(महेश कुमार)
विशेष सचिव

संख्या उपरोक्त एवं तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ् एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार, प्रथम (निर्माण), उ0प्र0 प्रयागराज ।
2- संबंधित जिलाधिकारी/कोषाधिकारी ।
3- नोडल अधिकारी, बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0शासन।
4- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लो0नि0वि0 / वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 लखनऊ ।
5- समस्त संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से संबंधित अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, को सूचित करने का कष्ट करें।
6- संबंधित खण्ड के अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0।
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8 / वित्त (आय-व्ययक), अनुभाग-2, उ0प्र0शासन ।
8- लोक निर्माण अनुभाग-10 ।
9- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(राजेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या-199/2021/1154/23-9-2021-03डी0डी0/2020

दिनांक 21 दिसम्बर, 2021 का संलग्नक

(धनराशि रू0 लाख में)

क0 सं0	जनपद का नाम	मार्ग का नाम	शा 0सं 0व दि 0	स्वीकृत लम्बाई (कि0 मी0 में)	स्वीकृत लागत	31.03. 2021 तक आवंटन/ व्यय	01.04. 2021 को अवशेष	वित्तीय वर्ष 2021-22 में अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	महराजगंज	मैनहवा मार्ग से रसूलपुर प्रथम सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	46/2021/आ0-145/23-9-2020-08डी0डी0/2020/दिनांक -25-02-2021	1.00	106.68	14.93	91.75	70.41
2	महराजगंज	ओबरी टोला सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	56/2021/आ0-121/23-9-2020-03डी0डी0/2020/दिनांक -03-03-2021	0.50	34.92	6.98	27.94	20.95
3	महराजगंज	किशुनपुर में बैरागी टोला सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	56/2021/आ0-121/23-9-2020-03डी0डी0/2020/दिनांक -03-03-2021	0.30	21.76	4.35	17.41	13.06
4	महराजगंज	भोथहा को मुसहर बस्ती टोला सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	56/2021/आ0-121/23-9-2020-03डी0डी0/2020/दिनांक - 03-03-2021	0.50	48.56	9.71	38.85	29.14
5	महराजगंज	बडहरा चरगहा से हरिजन बस्ती टोला सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	56/2021/आ0-121/23-9-2020-03डी0डी0/2020/दिनांक - 03-03-2021	0.25	18.02	3.60	14.42	10.82
6	महराजगंज	सोनकटिया टोला सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	56/2021/आ0-121/23-9-2020-03डी0डी0/2020/दिनांक - 03-03-2021	1.00	72.91	14.58	58.33	43.75
7	महराजगंज	नौसागर सम्पर्क मार्ग के किमी0-1 से हरिजनपुर सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	56/2021/आ0-121/23-9-2020-03डी0डी0/2020/दिनांक -03-03-2021	0.70	57.06	11.41	45.65	34.24
8	महराजगंज	मैनहवा मार्ग से रसूलपुर द्वितीय सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	56/2021/आ0-121/23-9-2020-03डी0डी0/2020/दिनांक -03-03-2021	1.20	124.61	24.92	99.69	74.77
			कुल योग-	**5.45**	**484.52**	**90.48**	**394.04**	**297.14**

(अवमुक्त धनराशि रू0 दो करोड़ सत्तानबे लाख चौदह हजार मात्र)

(राजेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in